-

Research Unit
Press Information Bureau
Government of India

# भारत में पर्यटन विस्तार

**(पर्यटन मंत्रालय)**

**3 अक्टूबर , 2024**

## परिचय

भारत का पर्यटन उद्योग अपनी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक विविधता और संभावनाओं से भरपूर लुभावने स्थलों के साथ वैश्विक पसंदीदा के रूप में उभर रहा है। पर्यटन क्षेत्र आर्थिक विकास के एक प्रमुख कारक के रूप में, न केवल विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि विभिन्न रोजगार के अवसर पैदा करके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करता है। इस क्षेत्र की क्षमता को स्वीकार करते हुए, सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए पर्यटन क्षेत्र के लिए 2,479 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।[1]

## वैश्विक परिप्रेक्ष्य: पर्यटन यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2024

नवीनतम यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2024 (टीटीडीआई) के अनुसार, कोविड-19 के बाद वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) में वृद्धि होने का अनुमान है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित नवीनतम टीटीडीआई 2024 रिपोर्ट में भारत को 119 देशों में 39वाँ स्थान दिया गया है। भारत इन तीन क्षेत्रों में सुधार किया है:

- यात्रा एवं पर्यटन को प्राथमिकता देना
- सुरक्षा और बचाव
- स्वास्थ्य एवं स्वच्छता




भारत सरकार सामाजिक समावेश, रोजगार और आर्थिक प्रगति के साधन के रूप में पर्यटन को बढ़ावा देती है। भारत को एक अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में बदलने के लिए प्रतिबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र एक प्रमुख कारक में उभर रहा है।[2]

1 https://www.indiabudget.gov.in/doc/eb/dgsum.pdf


2 https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2059407

**भारत में विदेशी पर्यटकों का आगमन**

भारत में वर्ष 2023 में 9.24 मिलियन विदेशी पर्यटकों का आगमन (एफटीए) दर्ज किया गया, जो वर्ष 2022 में 6.44 मिलियन की तुलना में 43.5 प्रतिशत की वृद्धि है। एफटीए ने 2.3 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम अनुमान) की विदेशी मुद्रा आय (एफईई) का योगदान दिया, जो 2022 वर्ष में 1.39 लाख करोड़ रुपये की तुलना में इसी अवधि में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि है।




जनवरी-जून 2024 के दौरान विदेशी पर्यटकों का आगमन 47,78,374 (अनंतिम) थे। जनवरी-जून 2024 (अनंतिम अनुमान) के दौरान विदेशी मुद्रा आय 1.27 करोड़ रुपये थी। विदेशी पर्यटकों का आगमन की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं।




3 https://tourism.gov.in/sites/default/files/2024-08/MOT%20Annual%20Report_2023-24_English%20Final.pdf Page No. 106

साहसिक और विशिष्ट पर्यटन को बढ़ावा देना, ई-वीज़ा की उपलब्धता को आसान बनाना और पर्यटकों के लिए 24X7 बहुभाषी हेल्पलाइन शुरू करना जैसे कई कदम उठाए गए हैं। विश्व पर्यटन दिवस 2024 पर भारत में पर्यटकों को यादगार अनुभव के लिए 'पर्यटन दीदी और पर्यटन मित्र' की शुरुआत की गई।[4]

## घरेलू पर्यटन में वृद्धि

भारत में पर्यटन क्षेत्र के विकास में घरेलू पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सरकार ने घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की है जैसे, देखो अपना देश, प्रसाद, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, स्वदेश 2.0 और क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़ान।




4 https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2059407

ये प्रयास देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों और उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और पर्यटन से संबंधित गतिविधियों में वृद्धि को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित हैं। इन निरंतर प्रयासों के कारण, भारत के घरेलू पर्यटन में सकारात्मक प्रगति हुई है।[5] वर्ष 2023 में 2509.63 मिलियन (अनंतिम रूप से) घरेलू पर्यटक यात्रा (डीटीवी) दर्ज किए गए जबकि वर्ष 2022 में यह संख्या 1731.01 मिलियन थी।[6]

इसके अलावा, वर्ष 2022-23 में भारत में पर्यटन के कारण 76.17 मिलियन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित हुईं, जबकि वर्ष 2021-22 में 70.04 मिलियन नौकरियां सृजित हुईं।[7]

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए लगभग 1 बिलियन डॉलर (7,000 करोड़ रुपये) की लागत से व्यापक पर्यटन बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। भारत को एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने के लिए, देश के पर्यटन उत्पादों को देश और विदेशी बाजारों में समग्र रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।

## निष्कर्ष

भारत के पर्यटन क्षेत्र में पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें सरकारी पहल, बुनियादी ढांचे का विकास हुआ है और इसकी सफलता के लिए वैश्विक ब्रांडिंग का योगदान है। भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन 2.0, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, प्रसाद (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) और पर्यटन मित्र जैसी योजनाएं शुरू की गई हैं। सरकार साहसिक और सतत पर्यटन को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। तकनीकी एकीकरण और विशिष्ट बाजारों में विविधीकरण से पर्यटन उद्योग को अपनी वृद्धि बढ़ाने में मदद मिलेगी।

संदर्भ


- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1892267
- https://x.com/amitabhk87/status/1839518193041158338?t=nYkm138LeXMOZenOkbUyeQ&s=08
- https://www3.weforum.org/docs/WEF_Travel_and_Tourism_Development_Index_2024.pdf
- https://www.investindia.gov.in/sector/tourism-hospitality
- https://tourism.gov.in/sites/default/files/2023-02/MOT%20Annual%20Report_2022-23_English.pdf
- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1988326
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2059444
- https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2040132
- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1988326
- https://tourism.gov.in/sites/default/files/2024-08/MOT%20Annual%20Report_2023-24_English%20Final.pdf
- https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2043017


एमजी/आरपीएम/केसी/एचएन/ ओपी

---

5 https://x.com/amitabhk87/status/1839518193041158338?t=nYkm138LeXMOZenOkbUyeQ&s=08

6 https://tourism.gov.in/sites/default/files/2024-08/MOT%20Annual%20Report_2023-24_English%20Final.pdf Page No. 5, 1.3

7 https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=2043017

8 https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1897320